# Panch Pargana Kisan College, Bundu, Ranchi University, Ranchi

## National Service Scheme (NSS)

## NAYE KAKSH KA UDGHATAN_DATE: 29.05.2024

















**Panch Pargana Kisan College, Bundu, Ranchi University, Ranchi**

**National Service Scheme (NSS)**



## घड़ों में स्वच्छ जल रखने का कार्यक्रम

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना के नये कक्ष का प्राचार्य प्रो मुकुल कुमार के कर कमलों से बुधवार को शुभारंभ हुआ। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय की छत पर चावल के दाने और घड़ों में स्वच्छ जल रखने का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य ने छात्रों को पक्षियों के लिए दाने देकर कार्यक्रम का आरंभ किया। डॉ विजयलक्ष्मी, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ दीप नारायण जायसवाल, डॉ बिनीता कुमारी, डॉ रविकांत महतो, डॉ सुरेश गुप्ता और डॉ सुरेन्दर राम ने अपने हाथों से छात्रों को दाने और पानी देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ सबरन सिंह मुण्डा, संगीता कुमारी, राजेंद्र महतो, सुबोध शुक्ल, कल्याण रॉय, डॉ जीनिया नंदी, डॉ जुगनु प्रसाद, डॉ. तरित सांगा आदि विद्वानों ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ आराधना और डॉ तारकेश्वर ने किया।



दैनिक भास्कर रांची आसपास 30-05-2024

## कॉलेज में पक्षियों को दाना व पानी देने को लेकर किया गया जागरूक

कार्यक्रम उपस्थित शिक्षक एवं छात्र।

भास्कर न्यूज | बुंडू

पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना के नए कक्ष का प्राचार्य प्रो. मुकुल कुमार के कमलों से शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय की छत पर चावल के दाने और घड़ों में स्वच्छ जल रखने का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. मुकुल कुमार ने छात्रों को पक्षियों के लिए दाने देकर कार्यक्रम का आरंभ किया। डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. दीप नारायण जायसवाल, डॉ. बिनीता कुमारी, डॉ. रविकांत महतो, डॉ. सुरेश गुप्ता एवं डॉ. सुरेंद्र राम ने अपने हाथों से छात्रों को दाने और पानी देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस मौके पर डॉ. सबरन सिंह मुंडा, संगीता कुमारी, राजेंद्र महतो, सुबोध शुक्ल, कल्याण रॉय, डॉ. जीनिया नंदी, डॉ. जुगनु प्रसाद, डॉ. तरित सांगा आदि विद्वानों ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। नए कक्ष के शुभारंभ की खुशी में छात्रों में मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ. आराधना तिवारी व डॉ. तारकेश्वर कुमार ने किया।

आज दिनांक 29.05.2024 को महाविद्यालय पी. पी. के. कॉलेज, बुण्डू में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नई कक्ष का शुभारंभ प्राचार्य श्री मुकुल कुमार के कर कमलो से हुआ इस उपलक्ष में इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय की छत पर चावल के दाने और घड़ा ओमें स्वच्छ जल रखने का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्रों ने भाग लिया कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर तारकेश्वर कुमार डॉक्टर आराधना तिवारी सुश्री संगीता जायसवाल ने किया।